जागरण सिटी

दैनिक जागरण

लखनऊ

उत्तराखंड में 'केदारनाथ' रिलीज न होने से सारा निराश IV

www.jagran.com

सप्तरंग

डलहौजी

प्रकृति की गोद में बसा पर्यटन स्थल II

20 हजार में बनाएं सूरज से बिजली

महंगी नहीं रही सौर ऊर्जा : लोगों को आकर्षित कर रही नेडा की रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट योजना

जासं, लखनऊ : छत पर बिजली बनाकर पैसे बचाने का सौदा लोगों को आकर्षित कर रहा है। इसका एक कारण ये भी है कि पिछले वर्ष के मुकाबले घरों में लगाए जाने वाले रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट की कीमतें काफी घट गई हैं। ऐसे में महंगी बिजली के बजाय सौर ऊर्जा से छत पर तैयार बिजली किफायती साबित हो रही है।

नेडा अधिकारी एके श्रीवास्तव बताते हैं कि पिछले वर्ष एक किलोवॉट का सोलर पॉवर प्लांट लगाने में जहां 60-65 हजार रुपये का व्यय आता था वहीं अब यह खर्च 50 हजार रुपये पर आ गया है। केंद्र द्वारा दी जाने वाली 30 फीसद सब्सिडी और राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रुपये की छूट के बाद एक किलोवॉट के सोलर प्लांट की कीमत घटकर 20 हजार रुपये ही रह जाती है। यानी दो किलोवॉट क्षमता का सोलर पावर प्लांट महज 40 हजार रुपये में लग जाता है। नेट मीटर के ढाई से तीन हजार रुपये अलग। घरेलू उपभोक्ता, जिनका कुल बिजली लोड एक से तीन किलोवॉट है, इससे विशेष रूप से आकर्षित हो रहे हैं।

एक किलोवॉट का सोलर पैनल छह से आठ वर्ग मीटर आकार का होता है। ऐसे में छत पर प्लांट आसानी से लगाया जा सकता है। इससे एक दिन में पांच-छह यूनिट बिजली तैयार होगी जिससे फ्रिज, टीवी, पंखे, लाइट सब जलाई जा सकेगी। यदि आप कहीं बाहर जा रहे होंगे तो भी बिजली बनकर ग्रिड में जाती रहेगी। इसका भुगतान आपके बिल में एडजस्ट होता रहेगा।

गोमती नगर स्थित विरामखंड निवासी बीआर सिंह के घर पर लगा सोलर प्लांट

क्या है सिस्टम

ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट में छत पर लगे सोलर पैनल के माध्यम से बिजली तैयार होती है। तैयार बिजली 'बाई डायरेक्शनल मीटर' के जरिये यूपी पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की ग्रिड लाइन में जाती है। मीटर में सौर ऊर्जा से तैयार बिजली व आपके द्वारा खर्च की गई बिजली का लेखा-जोखा रिकॉर्ड होता है। यदि इस्तेमाल से ज्यादा बिजली तैयार हो रही है तो उसका भुगतान आपको यूपीपीसीएल द्वारा कर दिया जाता है। इस प्रकार आप अपने लिए तो बिजली बनाते ही हैं साथ ही अतिरिक्त बिजली किसी और के घर को भी रोशन करने के काम आती है। इसकी आपको कीमत भी मिलती है, जो आपके बिल में एडजस्ट हो जाती है।

01

किलोवाट का प्लांट केंद्र और राज्य सरकारों की सब्सिडी के बाद पड़ता है 20 हजार का

एक किलोवॉट से बनेगी पांच यूनिट बिजली

- एक किलोवॉट सोलर पावर प्लांट से हर दिन पांच से छह यूनिट बिजली तैयार होती है
- केंद्र सरकार रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट के लिए 30 फीसद सब्सिडी देती है। साथ ही राज्य सरकार प्रति किलोवॉट 15 हजार रुपये देती है। लेकिन यह अधिकतम दो किलोवॉट तक के लिए ही दी जाती है।
- स्वीकृत लोड से ज्यादा लोड का ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट नहीं लगवा सकते हैं। स्वीकृत अथवा उससे कम क्षमता का रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाया जा सकता है।
- सोलर पैनल की वारंटी 25 वर्ष की होती है।

यहां से करें जानकारी

प्रत्येक जिले के विकास भवन में नेडा के परियोजना प्रबंधक का कार्यालय है। यहां से हर तरह की जानकारी व सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। राजधानी में किसी तरह की जानकारी चाहिए तो इस नंबर पर फोन कर सकते हैं-परियोजना अधिकारी लखनऊ-9415609056